एक नजर में

अक्षय ऊर्जा से दूर हो सकता है बिजली संकट

लखनऊ : इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स में भारत में 2030 तक ऊर्जा स्वतंत्रता के लिए अक्षय ऊर्जा के उपयोग पर आयोजित व्याख्यान में डॉ. भरत राज सिंह ने बताया कि अक्षय ऊर्जा की मदद से

वर्ष 2030 तक भारत को विद्युत ऊर्जा की कमी से मुक्त कर सकते हैं। 2020 तक नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करने के लिए केंद्र सरकार ने 175 गीगा वॉट अक्षय ऊर्जा का विद्युत दोहन कर राष्ट्रीय ग्रिड में भेजने की योजना बनाई है। इसमें सौर उत्पादन से 100 गीगा वाट, पवन ऊर्जा से 50 और मिनी हाइड्रो और बायोमास, बायोगैस आदि से 25 गीगा वाट बिजली बनाने की योजना है। इससे पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सकेगा। (जासं)